राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः—99 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2022—23 दिनांकः 18.10.2022

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (रा0से0यो0)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)—2 अभियान के अन्तर्गत 19.10.2022 को वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, अलीगंज, लखनऊ के पत्र पत्रांक—05—12 / रा0से0यो0 / क्षे0नि0 / लख0 / 2022—23, दिनांक 17.10.2022 एवं विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ के पत्र संख्या—313 / सत्तर—रा0से0यो0को0—2022, दिनांक 17.10.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से दिनांक 16.10.2022 को निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली की अध्यक्षता में राज्य, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं क्षेत्रीय निदेशकों के साथ सम्पन्न जूम बैठक में यह निर्देशित किया गया कि दिनांक 19.10.2022 को स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)—2 अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय की समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)—2 अभियान के अन्तर्गत दिनांक 19.10.2022 को वृहद स्तर पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जाने की अपेक्षा की गयी है। आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाइयों के प्रति स्वयंसेवक 1.5 किग्रा0 सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करना और निस्तारण करना है। उक्त कार्यक्रम में किसी जन प्रतिनिधि / ब्यूरोक्रेट / शिक्षाविद / विशेष अतिथि को आमंत्रित करते हुए किसी चिन्हित विशेष स्थल पर प्रातः 08 बजे से 10 बजे के मध्य आयोजित किया जाना है। सिंगल यूज प्लास्टिक निस्तारण का प्रमाण—पत्र किसी भी अधिकृत अधिकारी अथवा अन्य से प्राप्त करना भी अनिवार्य है। ''स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)—2 अभियान'' कार्यक्रम दिनांक 31.10.2022 तक यथावत चलता रहेगा।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त कार्यक्रम अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाईयों द्वारा ''स्वच्छ भारत (क्लीन इंडिया)—2 अभियान'' के अन्तर्गत दिनांक 19.10.2022 को वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर / लोगों के साथ आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

3. उल्लेखनीय है कि उपरोक्त कार्यक्रम को आयोजित करने के उपरान्त कृत कार्यवाही की विस्तृत आख्या सम्बन्धित वीडियो क्लिपिंग, एक्शन फोटोग्राफ सहित कार्यक्रम व्हाट्सएप्प एवं क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0—1, सेक्टर—एच, अलीगंज, लखनऊ के ई—मेल nssrclucknow@yahoo.com एवं विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ के ई—मेल sloup.nss@gmail.com तथा कार्यक्रम समन्वयक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई—मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर भी भेजे।

संलग्नक—यथोक्त

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सहायक मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0—1, सेक्टर—एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक